भारत सरकार

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 4115

उत्तर देने की तारीख : 12.08.2026

विवादित वक्फ संपत्तियों की निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म

4115. श्री इमरान मसूद:

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण, प्रलेखन और पारदर्शी प्रबंधन के लिए कोई नई राष्ट्रीय कार्य योजना लागू की है और यदि हां, तो राज्य-वार अब तक डिजिटलीकृत की गई वक्फ संपत्तियों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या अतिक्रमण और विवादित वक्फ संपत्तियों की निगरानी के लिए कोई डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया गया है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) से (ग) एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तीकरण, दक्षता एवं विकास (UMEED) अधिनियम, 1995 यथासंशोधित वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025, दिनांक 08.04.2025 से लागू किया गया है। UMEED अधिनियम, 1995 की धारा 3(टक) के अनुसार, वक्फ संपत्तियों का विवरण अपलोड करने, नए वक्फ का पंजीकरण करने तथा वक्फ संपत्तियों के समग्र प्रबंधन एवं प्रशासन को सुगम बनाने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा UMEED केंद्रीय पोर्टल-2025 विकसित किया गया है एवं इसे दिनांक 06.06.2025 को प्रारंभ किया गया है। दिनांक 07.08.2026 की स्थिति के अनुसार, UMEED केंद्रीय पोर्टल-2025 पर अपलोड की गई वक्फ संपत्तियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

UMEED अधिनियम, 1995 की धारा 54 के अंतर्गत, वक्फ संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया का प्रावधान है। राज्य वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, शिकायत प्राप्त होने पर तथा अन्यथा जांच कर सकते है और जांच करने के पश्चात यदि इस बात से संतुष्ट हो कि संबंधित संपत्ति वक्फ संपत्ति है और उस पर अतिक्रमण किया गया है, तो वे ऐसे अतिक्रमण को हटाने का आदेश प्राप्त करने के लिए अधिकरण के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे आवेदन की प्राप्ति पर, अधिकरण, कारणों को अभिलेखबद्ध करते हुए, जिस व्यक्ति के विरूद्ध आवेदन किया गया है, उस व्यक्ति को सुनवाई का अवसर प्रदान करने के पश्चात, वक्फ संपत्ति से उनकी बेदखली का आदेश पारित कर सकता है।

जैसा कि, सरकार द्वारा UMEED केंद्रीय पोर्टल-2025 प्रारंभ किया गया है तथा दिनांक 07.08.2026 की स्थिति के अनुसार राज्य वक्फ बोर्डों द्वारा पोर्टल पर कुल 53,952 अतिक्रमित वक्फ संपत्तियों का विवरण अपलोड किया गया है।

*****

अनुबंध-I

'विवादित वक्फ संपत्तियों की निगरानी के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म' विषय पर माननीय सांसद श्री इमरान मसूद द्वारा पूछे गए तथा दिनांक 12.08.2026 को उत्तर दिए जाने हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4115 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

वक्फ प्रगति रिपोर्ट (दिनांक 07.08.2026 की स्थिति के अनुसार)									
क्र.सं.	राज्य वक्फ बोर्ड	निर्माणकर्ता द्वारा प्रविष्टि हेतु प्रस्तुत की गई वक्फ संपत्तियों की संख्या	निर्माणकर्ता द्वारा प्रस्तुत वक्फ संपत्तियों की संख्या (जांचकर्ता के स्तर पर लंबित)	जांचकर्ता द्वारा प्रस्तुत वक्फ संपत्तियों की संख्या (अनुमोदक के स्तर पर लंबित)	अनुमोदक द्वारा अनुमोदित वक्फ संपत्तियों की संख्या	अब तक शुरू/पूर्ण की गई वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या	अनुमोदक द्वारा अस्वीकृत वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या	जांचकर्ता द्वारा अस्वीकृत की गई वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या	निर्माणकर्ता को वापस भेजी गई वक्फ संपत्तियों की कुल संख्या
		(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(क+ख+ग+घ+ङ+च+छ)	(ङ)	(च)	(छ)
1	अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	58	0	1	147	213	2	0	5
2	आंध्र प्रदेश	318	429	63	14698	15584	17	0	59
3	असम	72	412	31	190	734	17	0	12
4	बिहार शिया	245	28	5	5955	6312	24	0	55
5	बिहार सुन्नी	1357	1734	48	6700	11419	152	0	1428
6	चंडीगढ़	1	0	0	22	23	0	0	0
7	छत्तीसगढ़	132	38	0	2089	2444	129	0	56
8	दिल्ली	270	1688	297	352	3233	6	25	595
9	गुजरात	2844	26	9	24508	30789	204	0	3198
10	हरियाणा	408	0	0	12919	13447	7	0	113
11	हिमाचल प्रदेश	58	16	0	837	915	0	0	4
12	जम्मू एवं कश्मीर	223	34	10	25248	25568	5	0	48
13	झारखंड	221	750	3	135	1109	0	0	0
14	कर्नाटक	4114	58	2	53509	58846	64	0	1099
15	केरल	3898	8024	24	63086	79929	78	1	4818
16	लक्षद्वीप	131	37	0	298	479	5	0	8
17	मध्य प्रदेश	1939	6076	566	22362	32375	798	0	634
18	महाराष्ट्र	4486	10402	52	46961	71947	754	0	9292
19	मणिपुर	17	89	91	374	576	0	0	5
20	मेघालय	0	0	0	13	13	0	0	0
21	ओडिशा	471	126	357	4118	6773	1579	1	121
22	पुदुचेरी	24	62	4	507	624	0	0	27
23	पंजाब	735	7	1	25374	26339	93	0	129
24	राजस्थान	2342	664	95	17418	32705	3713	150	8323
25	तमिलनाडु	2187	991	2	8014	15120	2903	0	1023
26	तेलंगाना	3797	1	7	54605	63982	1807	0	3765
27	दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	1	1	0	0	2	0	0	0
28	त्रिपुरा	23	0	0	2710	2778	0	0	45
29	उत्तराखंड	276	91	146	1605	2385	7	1	259
30	उत्तर प्रदेश शिया	1001	327	26	4758	8170	184	0	1874
31	उत्तर प्रदेश सुन्नी	13866	5720	198	103184	152697	4983	0	24746
32	पश्चिम बंगाल	3676	1515	12	115551	131764	143	0	10867
कुल		**49191**	**39346**	**2050**	**618247**	**799294**	**17674**	**178**	**72608**